श्याम कुंड की महिमा | by Pulkit Singla

श्याम कुंड की महिमा का किन शब्दों में गुणगान करें
अमृत सा जल श्याम कुंड का हो जाते सब कष्ट परे

ये वो पावन कुंड है जिसमे प्रकट हुए हैं बाबा श्याम
बूँद बूँद में श्याम समाये एक गोते में हो कल्याण
स्नान करे जो श्यामकुण्ड में लाख चौरासी फांद कटे
अमृत सा जल श्याम कुंड का हो जाते सब कष्ट परे

स्वर्ग लोक कैसा होता है खाटू जाकर देख लिया
दामन खुशियों से भर डाला जब से माथा टेक लिया
बांके ढाल भक्त की चलता रोड़े पथ के दूर करे
अमृत सा जल श्याम कुंड का हो जाते सब कष्ट परे

संकट की बारिश के समय में इस जल का उपयोग करो
श्याम बहादुर श्याम धणी की कृपा का एहसास करो
लाल के भाव अगर हो सच्चे जल अमृत का काम करे
अमृत सा जल श्याम कुंड का हो जाते सब कष्ट परे
श्याम कुंड की महिमा का.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%81%e0%a4%82%e0%a4%a1-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%bf%e0%a4%ae%e0%a4%be-by-pulkit-singla/